आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार · यश भारत · 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 125 ● कटनी ● मंगलवार, 7 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

बारात की जगह पहुंची रूलाने वाली खबर



## दुल्हन का घर 8 किमी दूर था, तभी बारातियों की SUV को ट्रक ने टक्कर मारी, 8 की मौत

**बाड़मेर,एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर में भीषण सड़क हादसे में सोमवार देर रात 8 बारातियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कार में सेडिया (जालोर) निवासी एक परिवार के 9 सदस्य सवार थे, जिनमें से 8 की जान चली गई। हादसा बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाने के बाटा फाटे के पास हुआ।इस हादसे में पूनमाराम (45) पुत्र ढीमाराम, प्रकाश (28) पुत्र पेमाराम, मनीष (12) पुत्र पूनमाराम, प्रिंस (5) पुत्र मांगीलाल, भागीरथराम (38) पुत्र पोकराराम और पूनमाराम (48) पुत्र भगवानाराम निवासी खारा जालोर समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मांगीलाल (35) पुत्र नैनाराम और बुद्धराम (40) पुत्र कानाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रकाश (20) पुत्र हरजीराम विश्नोई गंभीर घायल है, जिसका सांचौर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। बारात में शामिल लोग कांधी की ढाणी जा रहे थे। 8 किलोमीटर पहले सड़क हादसा हो गया। बारात में शामिल अन्य वाहन से बाराती उतरे और गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। हादसा इतना भीषण था कि फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।पुलिस ने बताया कि बारात बाड़मेर जिले के कांधी की ढाणी गुड़ामालानी जा रही थी। इसी दौरान रामजी की गोल से गुड़ामालानी हाईवे पर बाटा फाटे के पास कार और ट्रक के बीच भिड़त हो गई। हादसे में बोलेरो गाड़ी बुरी तरह से पिचक गई।

# अब चारों ओर सिर्फ दर्द, आंसू और मातम

## पन्ना के 26 मृतकों में 9 दम्पत्ति की चिताएं साथ जलीं

**पन्ना, यशभारत। उत्तराखंड में चारधाम के दौरान यमुनोत्री के रास्ते हुए बस हादसे में 26 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। इनमें मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के 25 तीर्थयात्री थे। अब चारों ओर सिर्फ दर्द, आंसू और मातम है...। आज मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। मृतकों में 9 दंपती थे, जिनका एक ही चिता पर अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान वहां मौजूद हर व्यक्ति रो रहा था।**

सभी मृतक पवई विधानसभा के 9 गांवों के रहने वाले थे। अब इन गांवों में सन्नाटा पसरा हुआ है। तीर्थयात्रियों के पार्थिव शरीर सोमवार शाम करीब 7.30 बजे एयरफोर्स के विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यहां से शवों को अलग-अलग वाहनों में रखवाकर नौ गांवों में रवाना किया। इस हादसे ने कई परिवारों के सिर से बड़े-बुजुर्गों का साया छीन लिया है। कहीं एक परिवार के 6 लोगों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया तो कहीं एक साथ 8 चिताएं जलीं। साटा के द्विवेदी परिवार के तीन दंपती इस यात्रा में शामिल थे। तीनों दंपती की चिताएं साथ जलीं। परिवार और गांववाले फूट-फूटकर रोए। बड़ी उम्मीदों के साथ बच्चों ने अपने परिजन को तीर्थयात्रा पर भेजा था। इनमें किसी के माता-पिता थे, तो किसी के बड़े भाई-भाभी थे। उन्हें नहीं पता था कि ये उनकी आखिरी यात्रा होगी। कोई उधार लेकर गया तो किसी के लिए गांव वालों ने चंदा जुटाया। हादसे में जान गंवाने वालों में सांटा की 82 साल की राजकुंवर सबसे बुजुर्ग यात्री थीं, जबकि 38 साल के राजकुमार सबसे युवा। मृतकों में 8 लोग सांटा, 2 पवई, 2 सिमरिया, 1 चिखला, 4 मोहंद्रा, 2 कुंवरपुर, 2 कोनी, 1 ककरहटा, 2 उड़ला गांव के थे। कुल 9 जोड़े इस दुर्घटना में नहीं रहे। एक जोड़ा बचा है, उन्हें बहुत चोटें हैं। बड़ी बात ये है कि इस हादसे ने कई परिवारों के सिर से बड़े-बुजुर्गों का साया छीन लिया है। सभी मृतक पवई विधानसभा के 9 गांवों के रहने वाले थे। अब इन गांवों में सन्नाटा पसरा हुआ है। हर घर में एक दुखभरी कहानी है। बता दें कि हादसे में 26 मौते हुईं, इनमें एक शव उत्तराखंड के निवासी का था। हादसे में मृत अमानगंज के समीपी उडला पंडवन निवासी पूर्व सरपंच राम भरोसी कुसमहा और उनकी धर्मपत्नी शीला हर 2 साल में जल अर्पित करने के लिए तीर्थ यात्रा पर जाते थे।



**कई परिवारों के सिर से बड़े-बुजुर्गों का साया छिना**

**शर्मा दंपती की अंतिम यात्रा में शामिल हुए वीडी शर्मा, शोक संवेदना व्यक्त की**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा मंगलवार को पन्ना जिले के उलड़ा मे रामभरोसी शर्मा दंपती के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उलड़ा गांव में अंतिम यात्रा में शामिल होने के बाद वीडी शर्मा बुद्ध सिंह सांटा और सिमरिया गांव के तीर्थयात्रियों के घर पहुंचे और दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया।

## शंकराचार्य स्वरूपानंदजी से कुशलक्षेम जानने पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल



त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी परमहंसी गंगा आश्रम

**जबलपुर,यशभारत।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल मंगलवार को जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद लेने और कुशलक्षेम पूछने के लिए त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी परमहंसी गंगा आश्रम पहुंचे। उनके साथ पिता मुलायम सिंह पटेल, छोटे भाई और विधायक नरसिंहपुर जालम सिंह पटेल परिवार के साथ मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री पटेल यहां करीब तीन दशक के बाद पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि गोटेगांव (श्रीधाम) में परमहंसी गंगा आश्रम में शंकराचार्यजी प्रवासरत हैं। उन्होंने वहां महाराज श्री से चर्चा की व स्वास्थ्य की जानकारी भी ली । सभी ने शंकराचार्य स्वरूपानंदजी के निज सचिव ब्रह्मचारी सुबद्धानंद महाराज से भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक एनपी प्रजापति एवं सतय नारायण तिवारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने स्वजन सहित भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता के दर्शन करने के साथ ही अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन किया।

## पैगंबर मोहम्मद पर नुपूर शर्मा के बयान से 14 मुल्क नाराज

### विदेश के साथ देश में भी बढ़ता जा रहा विरोध



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नुपूर शर्मा के बयान पर देशों का विरोध जारी है। खबर है कि अब तक कम से कम 15 देश भारत के खिलाफ आधिकारिक रूप से विरोध दर्ज करा चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह साफ कर दिया है कि शर्मा का बयान सरकार के मत को नहीं दर्शाता है। इधर, भाजपा ने प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पार्टी से निलंबित कर दिया है।भारत के खिलाफ विरोध दर्ज करा चुके देशों में ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, अफगानिस्तान, बहरीन, मालदीव्स, लीबिया, इंडोनेशिया और पाकिस्तान का नाम शामिल है। इसके अलावा भारत में भी लगातार भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ विपक्षी दल नाराजगी जता रहे हैं। शर्मा को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। भारत ने सोमवार को इस्लामिक देशों के संगठन (आईओसी) की टिप्पणियों को %संकीर्ण सोच वाला, प्रेरित, भ्रमित एवं शरारतपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया। नई दिल्ली ने इस मामले में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवं विदेश मंत्रालय के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों का लगातार उल्लंघन करने वाले एक देश की, किसी दूसरे देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर टिप्पणी किसी के गले नहीं उतर रही है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को शर्मा की गिरफ्तारी की मांग की। ओवैसी ने मीडिया में बात करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार के विदेश नीति की जमकर आलोचना की और भाजपा से शर्मा के निलंबन को महज दिखावा करार दिया।



## यूएई में गिरफ्तार हुए सहारनपुर के गुप्ता बंधु

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के करीबी और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे गुप्ता बंधुओं को संयुक्त अरब अमीरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। दक्षिणी अफ्रीकी सरकार ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। इसके बाद भ्रष्टाचार के आरोपी गुप्ता बंधुओं को दक्षिण अफ्रीका वापस लाने की कवायद तेज हो गई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि उनकी वापसी होगी।

ट्रेन के इंजन के नीचे बैठकर सफर

## 190 किलोमीटर दूर तक आया; पानी मांगने की आवाज आई तो खुला राज



**गया,एजेंसी।** ट्रेन से सफर... आम बात है। लेकिन, उसके इंजन के नीचे घुसकर सफर, वो भी 190 किलोमीटर का... है न हैरत की बात। एक शख्स ने राजगीर से गया तक 190 किलोमीटर की दूरी ट्रेन के इंजन के नीचे घुसकर पूरी की। गया रेलवे स्टेशन पर ड्राइवर जब नीचे उतरा तो इंजन के नीचे से पानी मांगने की आवाज सुनी। ड्राइवर ने देखा तो रेलवे अफसरों को सूचना दी। आरपीएफ और अन्य लोगों की मदद से उसे खींचकर बाहर निकाला गया। घटना सोमवार की सुबह 4 बजे गया स्टेशल पर राजगीर-पटना-गया वाराणसी-सारनाथ बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस की है। घटना के बाद शख्स गायब हो गया।

## जम्मू-कश्मीर में 3 जगह आतंकी मंसूबे नाकाम कनाचक में ड्रोन गिराया टिफिन बम बरामद



**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार रात से चल रहे दो एनकाउंटर्स में 3 आतंकी ढेर हुए। सोपोर जिले के जालूरा इलाके में रात 10 बजे लश्कर-ए-तैयबा का एक और कुपवाड़ा में सुबह दो आतंकी मारे गए। तीन में से दो आतंकी पाकिस्तानी थे, जबकि एक लोकल। दूसरी ओर BSF ने सोमवार रात ही कनाचक के दयारान में नजर आए एक ड्रोन पर गोलियां चलाईं।रात करीब 11 बजे हुई फायरिंग के बाद ड्रोन से जुड़े पेलोड को नीचे लाया गया। पेलोड में बच्चों के टिफिन बॉक्स के अंदर 3 मैग्नेट IED थे। जिनमें टाइमर सेट था। IED को डिफ्यूज कर दिया गया है। उधर कुपवाड़ा में सुबह 6 बजे सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुए एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए। कश्मीर के IGP विजय कुमार ने बताया कि मारे गए पाकिस्तानी आतंकी का नाम तुफैल है। दूसरे आतंकी का नाम हंजाला है। पाकिस्तानी आतंकी लाहौर का रहने वाला था। यह जानकारी आतंकियों के पास जब्त दस्तावेजों से हुई है। मौके से एक AK-47 रायफल और 5 मैगजीन जब्त की गई हैं। घाटी में इन दिनों दहशतगर्दों के निशाने पर प्रवासी मजदूर और कश्मीरी हिंदू हैं। 26 दिन में टारगेट किलिंग की 10 घटनाएं सामने आने के बाद घाटी से पलायन की खबरें भी आई थीं।



### राज्यमंत्री वीके सिंह का स्वागत

**पोर्टब्लेयर ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का दौरा कर वहां चल रहीं मंत्रालयीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वे अंडमान निकोबार कमांड मुख्यालय भी पहुंचे, जहां उनका स्वागत कमांड के प्रमुख ले. जनरल अजय सिंह ने किया। उल्लेखनीय है कि ले. जनरल सिंह अंडमान निकोबार में थल सेना, नौ सेना, वायुसेना और कोस्टल गार्ड्स सभी के शीर्षथ अधिकारी हैं।

10 मप्र पंचायत चुनाव नामांकन के बाद अब वापसी के लिए मनुहार

## 10 जून तक नाम वापसी, इसके बाद तस्वीर होगी साफ

## सिवनी की दो और बालाघाट-दमोह की एक-एक पंचायत में महिला राज

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य और पंच-सरपंच के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 7 जून को इनकी जांच होगी और 10 जून तक नाम वापसी होगी। इसके बाद चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों की तस्वीर साफ होगी। इस बीच नाम वापसी के लिए मनुहार का दौर शुरू हो गया है। जिला और जनपद सदस्य ही अध्यक्ष चुनेंगे। ऐसे में वे नेता जो अध्यक्ष बनने का ख्वाब देख रहे हैं, वे अपने सामने खड़े कैंडिडेट से मनुहार करने लगे हैं। पंचायत चुनाव में आवेदन जमा करने के आखिरी दिन सिवनी जिले की दो और बालाघाट- दमोह जिले की एक-एक ग्राम पंचायत निर्विरोध चुनी गई है। इन पंचायतों में सरपंच से लेकर पंच तक महिला राज होगा। इसके अलावा महाकोशल-विंध्य के अन्य जिलों में ग्राम पंचायतों का निर्विरोध निवार्चन हुआ है। सिवनी जिले की




तीन ग्राम पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। लखनादौन जनपद की सहजपुरी ग्राम पंचायत में सरपंच समेत सभी पंच निर्विरोध चुनी गई हैं। वहीं धनौरा जनपद की थांवरी ग्राम पंचायत की कमान भी नारी शक्ति के हाथ होगी। सिवनी जनपद की मारगोड़ी पंचायत में भी सभी पंच और सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं दमोह जनपद की कुवरपुर खेजरा पंचायत में महिला सरपंच वीणा गुप्ता और 17 महिलाएं निर्विरोध चुनी गई हैं। बालाघाट जनपद पंचायत की बघोली पंचायत में ग्रामीणों की आपसी सहमति से पंचायत में निर्विरोध चुनाव हुए। यहां सरपंच, उपसरपंच समेत 15 वार्डों में महिला पंच निर्विरोध चुनी गईं। यहां चार लोगों ने सरपंच पद के लिए दावेदारी जताई थी, लेकिन ग्रामीणों ने बैठक कर सरपंच पद के लिए पुष्पा बाहेश्वर पर सहमति बना ली। यह ग्राम पंचायत आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे के गृह ग्राम भी है।

### मंडला के मोहगांव में निर्विरोध चुने गए सरपंच और पंच

जिले के निवास जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहगांव में 12 पंच और सरपंच पद के लिए कोई भी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं भरा। यहां सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। यहां से सुनीता बाई निर्विरोध सरपंच चुनी गईं।

### दिग्गी पहले अपनी पार्टी को तो जोड़ लें :गृहमंत्री



**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के पिछले 24 घंटे में 17 नए मामले सामने आए। 34 मरीज ठीक हुए हैं। अब एक्टिव केस की संख्या 236 बची है। यह जानकारी गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की पत्रवार्ता में दी उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बारे में कहा कि वे दूसरों पर आरोप लगाते हैं, आतंकवाद पर कभी सवाल नहीं उठाते। वह पहले अपनी पार्टी को जोड़ लें फिर देश जोड़ने की बात करें और देश जोड़ो यात्रा निकालनी है तो कश्मीर से निकालें, कांग्रेस की दतिया से निकलने वाली संघर्ष यात्रा का स्वागत है। पार्षद टिकिट को लेकर कांग्रेस की बैठक में मारपीट को लेकर गृहमंत्री बोले यह कोई खबर नहीं है बैठक शांति पूर्ण हो जाती तो खबर थी यह उनकी नेट प्रैक्टिस है यह उनकी संस्कृति है और इसी के द्वारा वह जानता के बीच में आते हैं।उन्होंने ग्वालियर में कांग्रेस नेता द्वारा पत्नी की हत्या पर कहा कि यह गंभीर विषय है, जिसे लोग कांग्रेस नेता कह रहे हैं मैं उसे अपराधी मानता हूं, उसकी फोटो किसी भी नेता के साथ हो पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मप्र में अब बिना हेलमेट गाड़ी चलाई तो लगेगा चार सौ रुपये जुर्माना



**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर अब ढाई सौ रुपये की जगह चार सौ रुपये जुर्माना (शमन शुल्क) लगेगा। बिना परमिट के वाहन चलाने पर दस हजार रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। वाहन में लदा हुआ भार तय सीमा से अधिक, पीछे या ऊंचाई या साइड से बाहर निकला होने पर हल्के यान पर एक हजार, मध्यम यान पर पांच हजार, भारी यान पर दस हजार और ट्रैक्टर ट्राली होने पर दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इस तरह के अन्य प्रविधान भी मोटरयान अधिनियम 1988 (संशोधन 2019) के नियम में प्रस्तावित किए गए हैं। इन पर अंतिम निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में लिया जाएगा। परिवहन विभाग सात साल बाद जुर्माने के प्रविधान में संशोधन करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने अधिनियम में संशोधन करके विभिन्न् धाराओं में जुर्माने का प्रविधान किए हैं। इसके अनुसार राज्य सरकार को शमन शुल्क की दर संशोधित कर रही है। आपातकालीन यानों (एंबुलेंस आदि) का अबाध रूप से गुजरने देने में असफलता पर कोई शमन शुल्क निर्धारित नहीं था। अब इसके लिए एक हजार रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसी तरह जैसे सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने पर पांच सौ रुपये, मोटर साइकिल चालक या पिछली सीट पर बैठी सवारी के लिए सुरक्षा उपायों के उल्लंघन की स्थिति में पांच सौ रुपये शमन शुल्क की नई मद शामिल की जा रही है। इसी तरह एक अन्य प्रस्ताव के तहत यात्री बसों पर देय मासिक वाहन कर को एक अप्रैल 2021 से 30 जून 2021 की अवधि में पूरी तरह माफ किया जाएगा। इससे शासन को 103 करोड़ रुपये के मासिक मोटरयान कर की हानि होगी। बैठक में संविदा शाला शिक्षक को प्राथमिक शिक्षक (ग्रेड पे 2400) से प्रतिस्थापित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा।

# मीन राशि वालों की सोचने की क्षमता होती है बहुत तेज

**यश भारत जीवन ज्योतिष में प्रत्येक सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी हम बात कर रहे हैं ,अंतिम राशि मीन की। इस राशि से जुडे लोगों को बताया जायेगा कि उनका यह वर्ष कैसा रहेगा। जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव में राशि की क्या भूमिका होगी। विद्यार्थियों का मन शिक्षा के प्रति आकर्षक का केन्द्र रहेगा। लोगों के जीवन में आने वाली समस्याओं का निवारण कैसे होगा। मीन राशि के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देने के लिये पुन: ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा जुड़े हैं प्राईम टाईम विद आशीष शुक्ला के साथ।**

यश भारत जीवन ज्योतिष

**वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं**

### अंतिम राशि मीन

सभी राशियों में से मीन राशि 12वें नंबर की राशि है जिसका प्रभाव आकाश में 330 डिग्री से 360 डिग्री तक होता है। यह राशि मोक्ष का केन्द्र मानी जाती है। साथ ही यह जल तत्व की राशि है। स्थिर और चल राशि वालों का स्वाभाव इस राशि में मिलेगा। इस राशि का स्थान ज्यादातर घर के अंदर होता है।

### जीवों को दर्शाने वाली राशि है।

आखिर कैसा होता है मीन राशि का आकार मीन राशि का आकार दो मछलियों को दर्शाता है। दोनों मछलियां एक दूसरे से विपरीत दिखाई देती है। जो एक चक्र बनाती है। जिसका अर्थ होता है सम्पूर्ण चीजों को मंथन। इस मंथन से मालूम चलता है कि अब क्या नतीजा निकलने वाला है। नतीजे की बैचेनी का दर्शाना इस राशि कार्य होता है।

### कैसे होते इस राशि के लोग

इस राशि के लोग बहुत भावुक होते हैं। कार्यों के प्रति निर्णय जल्दी नहीं लेते। आवश्यकता होने पर यह लोग सुझाव भी देते है। इन लोगों की दृढ शक्ति बहुत ही तेज होती है। सम्पूर्ण जीवन के बाद हमारा बाहरी अस्तित्व क्या होगा इसकी जानकारी भी मीन राशि से मालूम पड़ती है।



**यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से विशेष चर्चा**

### इस राशि के लोग किन कामों में ज्यादा रूची रखतें है।

इस राशि के लोग ज्यादातर आध्यात्मिक और विज्ञान जैसे विषयों पर ज्यादा रूचि रखते है। जैसे धर्म से जुडे कार्य पूजन पाठ उपचार और नई –नई सोचों को अपने मस्तिष्क में जन्म देता है। यह राशि पंजों को भी प्रदर्शित करती है। जैसे मेष हमारे मस्तिष्क को दर्शाती है उसी तरह यह अंतिम राशि होने के कारण हमारे पंजों को दर्शाती है। इनकी कार्य क्षमता अधिक होती है। साथ ही कुछ भी कार्य करने के पहले उस पर गहन मंथन करते है। और गलतियां कम करते है। इस राशि के लोगों की सोचने की क्षमता बहुत तेज होती है।

### शिक्षा के प्रति कैसा व्यवहार होता है

इस राशि के लोग शिक्षा के प्रति अधिक आकर्षिक होते है। इनका कद थोडा छोटा होता है। और आकार में थोडे से मोटे होते है। इन लोगों के अंदर काफी बैचेनी बनी होती है। पडने में ज्यादा मन लगा होता हैं। किताबें पडने के शौकिन होते हैं। शिक्षा को अधिक महत्व देते है। नई नई सोच पर कार्य करते है। और गलतियां कम करते है। इनमें याद रखने की स्मरण शक्ति अच्छी होती है। इनका व्यक्तित्व काफी गंभीर होता है । जीवन के अंतिम पढाव को अंकित करने वाली राशि है । साथ ही यह एक उभय राशि है।

## कैसी होती है यह मीन राशि

यह राशि शुक्र की उभय राशि कहलाती है। शुक्र इस राशि में अपने आप को बहुत प्रसन्न महसूस करता है। साथ ही भौतिक संसाधन उपलब्ध कराती है। शुक्र का स्थान जहां भी रहेगा उसकी जीवन शैली परी पूर्ण होगी। वहीं बुध इस राशि में आकर अपने आप को थोडा उदास महसूस करता है। मीन राशि ऐश्वर्य प्रदान करने वाली राशि भी है। ग्रथों के अनुसार देखा गया है की गुरू जो है वह देवताओं के गुरू है और शुक्र असुरों के गुरू लेकिन शुक्र मीन राशि में आने के बाद प्रसन्न रहते है।

## इस राशि के नक्षत्र कैसे होते है

पुराणों में 22 नक्षत्रों को दर्शाया गया है। इस राशि में जो नक्षत्र होते है। उसमें बुध और शनि के नक्षत्र और गुरू का केवल एक जन नक्षत्र होता है। बुध और शनि शुक्र के मित्र होते है। तो निश्चित रूप से इस राशि में इन ग्रहों का योगदान काफी महत्वपूर्ण होता है। बुध और शनि दोनों मिलकर इस राशि में वास करते है। और साथ में कार्यरत होते है।

# पेड न्यूज पर निगरानी रखेगा प्रशासन

कटनी। नगरीय निकायों के निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज पर नियंत्रण के लिए सभी जिलों और राज्य स्तर पर मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी का गठन किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जरूरी निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को जारी कर दिये गए हैं।




महापौर और पार्षद पद के अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन व्यय सीमा निर्धारित की गयी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला निर्वाचन अधिकारी जिलों में पेड न्यूज से संबंधित प्रतिदिन आने वाले प्रकरणों और उन पर एमसीएमसी द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी निर्धारित प्रारूप में नियमित रूप से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेंगे।

### राज्य स्तरीय एमसीएमसी

राज्य स्तरीय एमसीएमसी के अध्यक्ष सचिव राज्य निर्वाचन आयोग और सदस्य सचिव अपरध्संयुक्त संचालक जनसंपर्क होंगे। समिति में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव के लिए नियुक्त एक प्रेक्षकए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मनोनीत निष्पक्ष प्रतिष्ठित नागरिक, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मनोनीत निष्पक्ष वरिष्ठ पत्रकार, समिति द्वारा सहयोजित एक विशेषज्ञ सदस्य होंगे।

### जिला स्तरीय एमसीएमसी

जिला स्तरीय एमसीएमसी के अध्यक्ष कलेक्टर अथवा उनके द्वारा मनोनीत अपर कलेक्टर/मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत होंगे। सदस्य सचिव जिला जनसंपर्क अधिकारी होंगे। समिति में जिला मुख्यालय के नगरीय निकाय का सहायक रिटर्निंग अधिकारीए कलेक्टर द्वारा मनोनीत निष्पक्ष, प्रतिष्ठित नागरिक जिसकी किसी राजनैतिक दल से संबंद्धता नहीं हो और कलेक्टर द्वारा मनोनीत निष्पक्ष वरिष्ठ पत्रकार सदस्य होंगे।

### जिला स्तरीय एमसीएमसी के कर्त्तव्य

यदि कोई राजनैतिक दल या अभ्यर्थी यदि कोई विज्ञापन प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया टीवी, केबिल नेटवर्कए सिनेमा हालए रेडियोद्ध पर प्रकाशितध्प्रसारित कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्ररूप परिशिष्ट क में आवेदन करना होगा। समिति द्वारा अनुमोदितध्यथा संशोधित विज्ञापन का ही प्रकाशन एवं प्रसारण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि आदर्श आचार संहिता के किन्ही भी प्रावधानों का उल्लंघन ऐसे विज्ञापनध्प्रसारण से नहीं होना चाहिए। पंजीकृत राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी को प्रस्तावित प्रकाशन/प्रसारण के दिनांक से 3 दिन पूर्व तथा अपंजीकृत राजनैतिक दल एवं अन्य आवेदक को 7 दिन पूर्व आवेदन करना होगा। समिति द्वारा प्रस्तुत ऐसे आवेदन पत्र का निराकरण दो कार्य दिवस के भीतर किया जायेगा एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदक को समिति के निर्णय से अवगत कराया जायेगा।

# मतदान दिवस पर श्रमिकों को मतदान करने देना होगा अवकाश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष-2022 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण के लिए मतदान क्रमशः 25 जून शनिवार, 1 जुलाई शुक्रवार और 8 जुलाई शुक्रवार को होगा। कार्यक्रम अनुसार निर्धारित दिनांकों में मतदान हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले करखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने की दृष्टि से कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्ग्रत समस्त कारखानों के संचालकों को मतदान के दिन अपने कामगारों के लिये अवकाश प्रदान करने की व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। संचालक संस्थानों में मतदान के दिन साप्ताहिक अवकाश घोषित करेंगेए जिससे कि कामगार अपने मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से कर सकें। जारी आदेश के अनुसार कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है। वे पूर्व परंपरानुसार प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो .दो घंटे की सुविधा देंगे। प्रथम पाली नियमित समय से दो घंटे पूर्व बन्द की जावेगी और दूसरी पाली निर्धारित समय से दो घंटे पश्चात प्रारंभ की जायेगी ताकि कामगारों को मतदान करने में कठिनाई न हो।

ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया की श्रेणी में आते हैंए उनमें भी पूर्व परिपाटी के अनुसार श्रमिकों को उनके देय वेतन में किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाते हुए बारी.बारी से पर्याप्त समय प्रदान करते हुए मतदान की अनुमति दी जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित ग्राम पंचायतों के मतदान क्षेत्रों मे आने वाले दुकान एवं वाणिज्य संस्थानों के कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से उनके नियोजकगण तथा प्रबंधकगण मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत दुकानए संस्थान को निर्धारित दिन बंदए अवकाश नहीं रखते हुए उनके स्थान पर मतदान के दिन को बंदए अवकाश रखेंगे तथा अन्य दुकान संस्थान जिनका बंद दिन निर्धारित नही हैए वे कामगारों को बारी.बारी से मतदान करने हेतु पर्यापत समय प्रदान करते हुए अनुमति देगें। श्रम पदाधिकारी कटनी ने जिले के कारखानों के अधिभोगीगण, प्रबंधकों तथा दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के नियोजनकों तथा प्रबंधकों को निर्देशों का समुचित पालन करने के निर्देश जारी किये हैं।

# मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के लिए सेक्टर इंचार्ज निर्धारित

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन मे कटनी जिले मे आगामी त्रि.स्तरीय आम निर्वाचन 2022 के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी द्वारा जिले की सभी जनपद पंचायतों में सेक्टर निर्धारित करते हुए सेक्टर अधिकारियों की तैनाती की गई है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में निर्मित किये गये सेक्टरों मे सेक्टर अधिकारी के दायित्वों के निर्वहन के लिये मतदान केन्द्रवार 26 जोनए सेक्टर बनाये जाकर 26 जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में 3 अधिकारियों को नियुक्त किया जाकर सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करनें के निर्देश जारी किये गए है। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के मतदान केन्द्रवार 21 जोनए सेक्टर हेतु 21 जोनल सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गए हैं और तीन सेक्टर अधिकारियों को रिजर्व में रखा गया है। जनपद पंचायत कटनी मुड़वारा में मतदान केन्द्र वार 17 जोनए सेक्टर हेतु 17 जोनल, सेक्टर अधिकारी व 3 रिजर्व दल तथा जनपद पंचायत बहोरींबंद के मतदान केन्द्रों के 25 जोन, सेक्टर हेतु 25 जोनल, सेक्टर अधिकारी तथा 3 रिजर्व सेक्टर अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। जनपद पंचायत बड़वारा मे मतदान केन्द्र वार 27 जोनएसेक्टर हेतु 27 जोनल, सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये जाकर रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में 4 अधिकारियों को दायित्व सौपे गए हैं। इसी तरह जनपद पंचायत रीठी के मतदान केन्द्र वार 14 जोनएसेक्टर हेतु 14 जोनलए सेक्टर अधिकारी तथा रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप मे दो अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### जायंट्स ग्रुप आफ मुड़वारा की नई टीम




कटनी। जायंट्स ग्रुप आफ फाउंडेशन मुड़वारा के जिला अध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के अधिवक्ता आकाश सिंघई को नियुक्त किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं नए अध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

# राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कटनी ने मारी बाजी

**कटनी।** विगत दिनों इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कटनी जिले के छह खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिला सचिव ने बताया कि महिला जूनियर 69 किलो ग्राम में स्नेहा बत्रा ने प्रथम स्थान बालक सब जूनियर 53 किलो ग्राम में करण कुशवाहा ने द्वितीय स्थान व 59 किलो ग्राम में प्रत्यक्ष विश्कर्मा ओर 93 किलो ग्राम सब जूनियर में प्रिंस साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी तरह 93 किलो ग्राम मास्टर आई में अविनाश दुबे प्रथम रहे तथा उन्हें बेस्ट लिफ्टर का भी अवार्ड मिला 105 किलो ग्राम में भाविक शुक्ला का भी शानदार प्रदर्शन रहा टीम के मैनेजर व कोच लवलेश निषाद रहे कटनी के टीम की सफलता पर जिलाध्यक्ष डॉ समीर चौधरी व सह सचिव अज्जु भाईजान, जितेन्द्र सिंह ने हर्ष व्यक्त किया।






## यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ने रोपे फलदार पौधे

**पर्यावरण को क्षति पहुंचने से बढ़ रहे तापमान पर जताई चिंता**

**कटनी।** पर्यावरण प्रेमी संस्था यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया कटनी इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मीना शर्मा के प्लाट में पूर्व अध्यक्ष संगमलाल जैसवाल के मुख्य आथित्य एवम इकाई अध्यक्ष पंचम जैन की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर इकाई चैयरमेन गोपाल शर्मा, प्रकाश बिलैया, संजय खंडेलवाल, सचिव वीरेंद्र सिंह, रानू जैन, शैलेन्द्र जैन, अनिल कुमार नेमा, अंजय दुग्गड़, सचिन सिंघई, तानिष सिंह, शशि यादव, प्रफुल्ल कुमार यादव, मीना शर्मा, खुशबू शर्मा, नीतेश जैन, अंशुल जैन, प्रांजल जायसवाल द्वारा आम, नीबू संतरा, कटहल के पौधे इस संकल्प के साथ लगाए गए। इन सभी पौधों का संरक्षण कर इनहें वृक्ष का स्वरूप प्रदान किया जाएगा। सभी ने दिनों दिन बिगड़ते पर्यावरण एवं धरती के बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त की एवं आगामी बरसात के समय मे वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाए जाने एवं सायकिल अभियान संचालित किए जाने का संकल्प लिया। इकाई चैयरमैन गोपाल शर्मा ने सभी उपश्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी से आग्रह किया कि इकाई का सिल्वर जुबली वर्ष चल रहा है सभी सदस्य पर्यावरण संरक्षण एवम साहसिक अभियानों एवं संस्था के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले एवं जून माह में इकाई के नए सदस्य बनाने के आगामी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाये।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 03 से
सुबह 10.30, 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे




सम्राट पृथ्वीराज
कलाकार- अक्षय कुमार, संजय दत्त, मानुषी छिल्लर, सोनू सूद आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 03 से,
सुबह 9.15, 3 एवं रात्रि 9 बजे से




विक्रम
कलाकार- कमल हासन, विजय सेतुपति, फदाह फासिल, अर्जुनदास आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 03 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.15 बजे से




मेजर
कलाकार- आदिवी शेष, सई मांजरेकर, प्रकाश राज, मुरली शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 07 जून 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## कचरे का लगा अंबार, सड़क तक फैल रही दुर्गंध

### दुगाड़ी नाला स्थित कचरा डिपो में एमएसडब्ल्यू कंपनी की मनमानी, नगर निगम के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, बीमारियों के फैलने का खतरा

**कटनी।** शहर की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी एम एस डब्ल्यू की लापरवाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ शहर में नगर निगम चुनाव की आचार संहित लगी हुई है, तो वही दूसरी तरफ शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। अधिकारी चुनाव में विजी हैं और शहर के गली, मोहल्लों से लेकर चौराहों में सफाई का आलम यह है कि जगह-जगह कंचरे का अंबार लगा हुआ है, इसके अलावा दुगाड़ी नाला स्थित कचरा डिपो में कचरे का अंबार लगा हुआ है। यहां पूरे शहर का कचरा एकत्रित किया जाता है और बड़े वाहनों से अमीरगंज स्थित कचरा प्लांट भेजा जाता है लेकिन इस काम में लापरवाही के चलते पूरे क्षेत्र का माहौल बदबूदार हो गया है। एमएसडब्ल्यू कंपनी मैनेजमेंट की लापरवाही का खामियाजा यहां आसपास रहने वाले लोगों को भोगना पड़ रहा है।



यह चित्र दुगाड़ी नाला स्थित कचरा डिपो का है, जो कि 6 जून को सुबह 9 बजकर 42 मिनट का है। यहां पूरे शहर का कचरा एकत्रित किया गया है लेकिन इसे अमीरगंज स्थित कचरा प्लांट भेजने में उदासीनता बरती जा रही है। जिससे आसपास के क्षेत्र का माहौल बदबूदार हो गया है। दुर्गंध सड़क तक फैल रही है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं।

घरों से कचरा एकत्रित करने का ठेका एमएसडब्ल्यू कंपनी को दिया गया है लेकिन पिछले कुछ समय से कंपनी के द्वारा इस कार्य में लगातार हीलाहवाली बरती जा रही है। कई वार्डों में सुबह समय पर गाड़ी ही नहीं पहुंचती है, जिससे गलियों, चौराहों और सड़कों पर कचरे का अंबार आसानी से देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के तहत जहां पूरे देश में साफ सफाई को लेकर लोगों में जागरूकता देखी गई तो कटनी में स्थितियां इससे अलग है। यहां नगर निगम के सफाई कर्मचारी सुबह वार्डों में सफाई करते हैं और घरों से कचरा एकत्रित का जिम्मा एमएसडब्ल्यू कंपनी का है। यूं तो नगर निगम प्रशासन शहर की फिजा बदलने व विकास के राग अलापने की कवायद में हमेशा ही जुटा रहता है और स्वच्छ भारत अभियान के दौरान भी सफाई कर्मियों को साफ सफाई में कोई कसर न छोड़ने की बात कही गई थी, लेकिन नगर निगम प्रशासन के दिशा निर्देश पूरी तरह खोखले ही साबित हो रहे हैं, जबकि नगर के ही कई वार्ड बदहाली का दंश झेल रहे हैं। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, इसके पहले यदि नालों-नालियों की सफाई नहीं की गई तो आने वाले मानसून में कई तरह की समस्याएं सामने आएंगी।

### करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी स्वच्छता में नहीं हो रहा सुधार

### नालियों की नहीं हुई सफाई

गंदगी से पटी पड़ी नालियां बजबजाती हुई सड़ांध मार रही हैं, जिनकी सफाई कराना भी आवश्यक नहीं समझा जा रहा। मच्छरों का प्रकोप लगातार बना हुआ है। फागिंग मशीन से धुआं करने की बात कही जा रही है लेकिन अभी तक न तो फागिंग मशीन दिखी है और न ही मच्छरों का प्रकोप कम हुआ है। गंदगी से सराबोर वार्डों में मच्छरों के पनपने के साथ ही बीमारियां जन्म ले रही हैं और लोग परेशान हो रहे हैं।



## जिला पंचायत के 14 क्षेत्रों से एक सैकड़ा चुनाव मैदान में

**कटनी।** पंचायत चुनाव के लिए नामांकन जमा करने का कल अंतिम दिन रहा। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए नामांकन जमा करने कल कलेक्ट्रेट, जनपदों और ग्राम पंचायतों में दावेदारों का मेला लगा रहा। दिन भर गहमागहमी रही। सबसे ज्यादा सरगर्मी जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए रही। जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले 14 क्षेत्रों के लिए 103 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं, इसी तरह जिले की आधा दर्जन जनपद पंचायतों में 121 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए 376 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए हैं।

### जनपद व जिला पंचायत सदस्य के लिए जमा हुए नामांकन की जानकारी

| पद | संख्या | नामांकन |
|---|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | 14 | 103 |
| जनपद पंचायत सदस्य | 121 | 376 |

### जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 8 में घमासान

जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 8 में सबसे ज्यादा घमासान देखने को मिल रहा है। यहां से निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व कटनी जनपद उपाध्यक्ष कन्हैया तिवारी एवं कांग्रेस नेता राकेश द्विवेदी गुड्डू चुनाव मैदान में है। भले ही पंचायत चुनाव गैर दलीय हो रहे हैं लेकिन इस क्षेत्र में भाजपा से दो उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में होने की वजह से चुनाव दिलचस्प हो गया है।

### आज हो रही नामाकंन पत्रों की जांच, 10 को नाम वापसी, पहले चरण की वोटिंग 25 को

पंचायत चुनाव के अंतर्गत कल अंतिम समय सीमा तक जमा किए गए नामांकन पत्रों की आज स्कूटनी की जा रही है। सुबह से ही संबंधित कार्यालयों में दावेदारों का मेला लगा रहा। इस दौरान रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा जमा किए नाम निर्देशन पत्रों की बारीकी से जांच की गई। नामांकन पत्रों की जांच पूर्ण होने के बाद 10 जून को नाम वापसी के लिए दिन निर्धारित किया गया है। नाम वापसी के बाद ही पंचायत चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी।

## सलैया पड़खुरी में पहली बार पूरी पंचायत निर्विरोध निर्वाचित



**विधायक संजय पाठक के मार्गदर्शन में निर्विरोध सरपंच बने बाबू ग्रोवर**

**कटनी।** पंचायत चुनाव के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन जिले में कई पंचायतों में पंच और सरपंच पदों में निर्विरोध निर्वाचन हुआ है लेकिन विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सलैया पड़खुरी ग्राम पंचायत में सरपंच सहित पूरी पंचायत निर्विरोध निर्वाचित हुई है। संभवतः कटनी जिले में ऐसा पहली बार हुआ है, जब पंचायत के प्रतिनिधि पंच और सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विजयराघवगढ़ विधानसभा का नाम रोशन करने वाले नीलकंठेशवर भक्ति धाम के संचालक मदनलाल ग्रोवर के पुत्र रंजन ग्रोवर बाबू ने अपनी लोकप्रियता तथा समाजसेवी कार्यों से पहली बार चुनाव मुक्त पंचायत का परचम लहराया। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के इतिहास में कई पंचायतों में सरपंच व पंच निर्विरोध हुए है, किन्तु सलैया पड़खुरी में पंच से लेकर सरपंच प्रत्याशियों द्वारा एकता का परिचय देते हुए निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया पूर्ण की गई है, हालांकि चुनाव आयोग के प्रमाण के उपरांत ही बाबू ग्रोवर को सरपंच पद का दायित्व प्राप्त होगा, किन्तु सलैया पड़खुरी में निर्विरोध निर्वाचन के उपरांत खुशी की लहर देखी जा रही है। सलैया पड़खुरी के लोगों का कहना है कि बाबू ग्रोवर के सरपंच बनने से गांव का विकास होगा। बाबू ग्रोवर ने अपनी जीत का श्रेय विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को दिया है। निर्विरोध सरपंच निर्वाचित होने के बाद बाबू ग्रोवर ने कहा कि ग्राम पंचायत सलैया पड़खरी का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। गांव में पक्की सड़कों के निर्माण के साथ ही ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा, जिससे उनका जीवन सुधर सके।

### सीईओ ने किया अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण

**कटनी।** बारिश के पानी को सहेजने के लिए जिले में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। बारिश पूर्व सरोवरों को कार्य पूर्ण कराने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अधिकारी भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बहोरीबंद जनपद पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर अमृत सरोवर निर्माण कार्य की प्रगति देखी। सीईओ श्री गोमे ने निमास गांव के निर्माणाधीन अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण किया और कार्य को बारिश प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किए।

## रीठी, बड़वारा विकासखंड के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी के संशोधित आदेश जारी

**कटनी।** त्रि.स्तरीय आम निर्वाचन 2022 प्रक्रिया के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने व मतगणना के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने विकासखंड रीठी व बड़वारा में सरपंचए पंच पद के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति के संशोधित आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार रीठी विकासखंड में संपूर्ण जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार बिलहरी निधि तिवारी के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल हथकुरी इश्हात मिंज को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा में रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार बरही जितेन्द्र पटेल व सहायक रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त बीईओ बड़वारा बीआर भगत को नियुक्त किया गया है।

**परीक्षाओं की समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया माध्यमिक शिक्षा मंडल ने**

## 20-21 जून से शुरू होगी 10वी-12वीं की पूरक परीक्षाएं

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से संबद्ध विद्यालयों की हाईस्कूल कक्षा 10वीं और हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा की समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया हैं। कक्षा 12वीं के सभी विषयों की पूरक परीक्षाएं सोमवार 20 जून और 10वीं की मंगलवार 21 जून से शुरू होकर 1 जुलाई तक चलेगी। साथ ही हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक द्वितीय अवसर पूरक परीक्षा मंगलवार 21 जून से 30 जून तक होगी। परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे के बीच निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। संशोधित पूरक परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम और तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए पूरक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा की अंक सूचियाँ जिले स्तर पर सभी समन्वय संस्थाओं को सौंपी जा चुकी है। सभी संस्था प्राचार्य अपने.अपने संस्थान की अंकसूचियाँ निर्धारित समन्वय संस्थान से प्राप्त कर छात्रों को वितरित करेंगे। डीएलएड द्वि-वर्षीय पाठ्क्रम मुख्य परीक्षा प्रथम वर्ष या द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा के परीक्षार्थी 8 से 15 जून तक अंतिम नियत शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर सकेंगे। संबंधित संस्थाएँ नियत तिथि तक छात्रों के ऑनलाईन आवेदन.पत्र भर सकेंगी। इसके बाद अंतिम तिथि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी।

## 30 दिन के अंदर जमा करना होगा चुनाव खर्च का ब्यौरा

### महापौर एवं पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए जारी हुए निर्देश




**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को महापौर, पार्षदों के निर्वाचन व्यय को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए हैं। जिसमें कहा गया है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 14.क और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32.क के अंतर्गत नगरपालिक निगम में महापौर अथवा पार्षद या नगर पालिका परिषद के पार्षद के निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी का यह दायित्व है कि ऐसे निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा समस्य व्यय का पृथक और सही लेखा ऐसी विशिष्टियों के साथ रखा जाए जो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित की जाए। नगर पालिक निगम में महापौर अथवा पार्षद, नगर पालिका परिषद या नगर परिषद के पार्षद के निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी का यह दायित्व है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अंदर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करें।

### आमजन से मुलाकात करेंगे चुनाव प्रेक्षक

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने कटनी जिले के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेन्द्र खरे को चुनाव प्रेक्षक नियुक्त किया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि चुनाव प्रेक्षक का कटनी आगमन हो चुका है और वे 10 जून तक सर्किट हाउस माधवनगर के कमरा नंबर.5 रोजाना शाम 6 बजे से 8 बजे तक मुलाकात करेंगे।



## लोगों को बताया स्वच्छता का महत्व

**केन्द्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्यक्रम**

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल शासन के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व्ही डी शर्मा के निर्देशन में एक कार्यक्रगम का आयोजन मुड़वारा मंडल के अंतर्गत इंदिरा गांधी वार्ड में किया गया। मोदी सरकार के अहम अभियानों में सर्वोपरि स्वच्छ भारत अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मुड़वारा मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल के संयोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा की मुख्यातिथि के रूप में मौजूदगी रही। कार्यक्रम के तहत वार्ड में स्थित मंदिर परिसर की झाडू लगाकर सफाई की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के कुशल शासन की तारीफ करते हुए जनहित में उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जमकर सराहा। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र सोनी, राकेश यादव, मंत्री विमल साहू, सुनील विश्वकर्मा, मौसम विश्वकर्मा सहित वार्ड वासियों की मौजूदगी रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बेल, तुलसी, आंवला , मुनगा के बीजों का रोपण



पौधे तैयार होने के बाद सुरक्षित स्थानों पर किया जाएगा रोपित

**कटनी।** वृक्षों की डोलती शाखाएं सबको कुछ ना कुछ देती हैं। वृक्ष छाया, शांति प्राणवायु, फल, फूल अपना सब कुछ लुटा कर जीवन देते हैं। वृक्षों से दोस्ती सदा जीवन में उपयोगी है। विकास की अंधी दौड़ ने प्रकृति को तहस-नहस कर पेड़ों के कत्लेआम का नंगा नाच किया है। हजारों लाखों वृक्षों ने सरपट सड़कों को अपनी कुर्बानी दी है। उक्त आशय के विचार विश्व पर्यावरण दिवस पर मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सखी आध्यात्मिक विभाग सतना संघ सह संयोजक सविता दुबे ने व्यक्त किए। उन्होंने अपनी सखियों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया तथा घर में बीजारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बेल, तुलसी, मोनिका, मुनगा, सहजन आदि के बीजों का रोपण किया गया। पौधे तैयार होने पर जुलाई, अगस्त माह में उन्हें सुरक्षित आवश्यक स्थानों पर रोपित किया जाएगा। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुजाता दुबे, अनीता कोरी, महिमा दुबे, सपना रजक, सरोज तिवारी, बांसुरी शुक्ला, वैष्णवी रजक की भागीदारी रही।



## निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने दाखिल किया नामांकन

**कटनी।** जिला पंचायत कटनी के क्षेत्र क्रमांक 8 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वतमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक पूरन लाल विश्वकर्मा द्वारा कल नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। सादगीपूर्ण तरीके से अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे श्री विश्वकर्मा ने सबसे पहले महादेव शंकर भगवान के मंदिर में दर्शन किया, इसके बाद अपना पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ सत्यनारायण तिवारी, मनोज तिवारी, आदेश खरया, देवेंद्र सोनी, शिवम चौदह, सुनील विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कल

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को 8 जून को 4 से 6 बजे तक व्हीसी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों की भूमिका एवं कर्त्तव्य और मतपेटी से निर्वाचन की प्रक्रिया और मतदान दिवस की व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में जिले के निर्वाचन अधीक्षक, स्थानीय निर्वाचन मास्टर ट्रेनर्स और नोडल ऑफिसर प्रशिक्षण शामिल होंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर्स अन्य को प्रशिक्षित करेंगे।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 02nd June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
bookmyshow
10:00 AM 12:30 PM 1:00 PM 3:00 PM 4:00 PM 6:00 PM 9:00 PM
10:15 AM 1:15 PM 6:45 PM 9:30 PM
10:30 AM 3:45 PM 9:15 PM
6:30 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# चार वार्डों के मुकाबलों पर रहेगी सबकी नजर

कैमोर। लगभग 26 साल बाद नगर परिषद चुनाव फिर उसी मोड़ पर लौट आया है जहां से इसकी शुरूआत हुई थी। नगर परिषद को तब नगर पंचायत के नाम से जाना गया था और नगर पंचायत का पहला चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से न होकर अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ था। अध्यक्ष का चुनाव आम नागरिकों के बजाय पार्षदों के द्वारा किया गया था और पिछड़ा महिला वर्ग के लिए आरक्षित अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर नीतू रजक कैमोर की पहली नगर पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इस पहले चुनाव के बाद ही नगर पंचायत के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराये जाने लगे थे जिसमें पार्षदों के बजाय मतदाता सीधे पार्षद और अध्यक्ष का चुनाव करने लगे थे। इस बार सरकार ने फिर नगर परिषद चुनाव का तरीका बदल दिया है। यही कारण है कि इस बार अध्यक्ष पद के दावेदारों के सामने भी पहले पार्षद का चुनाव जीतने की चुनौती है।

## अध्यक्ष बनने से पहले दावेदारों के सामने पार्षद बनने की चुनौती

## जहां से शुरू हुए थे, फिर वहीं आ गए नगर परिषद के चुनाव



कैमोर नगर परिषद में अध्यक्ष का पद इस बार अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। जाहिर है कि कोई महिला ही अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेगी। नगर परिषद के 15 में से चार वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हैं। जिनमें वार्ड क्रमांक 03, 04, 10 और 13 शामिल हैं। इन चारों वार्डों में पार्षद पद के लिए जोरदार घमासान होने के आसार हैं। अनुमान लगाया जा रहा कि इन चार वार्डों में से ही चुनी जाने वाली कोई महिला पार्षद अध्यक्ष बन पाएगी। कांग्रेस और भाजपा समेत अनेक निर्दलीय महिला दावेदार भी इन चारों वार्डों में चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटी हैं। पार्टी उम्मीदवारी की दावेदार महिला कार्यकर्ताएं अपनी-अपनी पार्टी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं से संपर्क कर अपनी उम्मीदवारी पक्की कराने का प्रयास कर रहीं। वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों ने नामांकन से पहले ही अपने-अपने वार्डों के मतदाताओं से संपर्क करना प्रारंभ कर दिया है। नगर परिषद का वार्ड क्रमांक 02, 08,11 और 12 अनारक्षित है। इन वार्डों में भी पार्षद पद के दावेदारों की भरमार है। इंटक और बीएमएस के श्रमिक नेता भी इन वार्डों से चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। चारों वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हुए हैं। पार्षदों का चुनाव दलीय आधार पर होना है। हालांकि दलीय भावना इन चुनावों में ज्यादा असर नहीं दिखा पाएगी इसके संकेत अभी से मिलने लगे हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के तीन वार्ड आरक्षित हैं जिनमें दो वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 01, 09 और 14 आरक्षित हैं। जिनमें 09 और 14 महिला वर्ग के लिए हैं। वार्ड क्रमांक 05,07 और 15 आदिवासी वार्ड हैं। इस बार भी ये वार्ड इसी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति के लिए इस बार भी वार्ड क्रमांक 06 को सुरक्षित रखा गया है।

कैमोर नगर परिषद में संगठनात्मक स्थिति का आंकलन करें तो यहां भाजपा काफी मजबूत है। पिछले परिषद चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित एक दर्जन से भी अधिक पार्षद भाजपा के ही विजयी हुए थे। कांग्रेस संगठन यहां काफी बिखराव की स्थिति में है। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में ही एकजुटता का अभाव है। जिसका असर टिकट वितरण एवं चुनावी नतीजे पर पड़ना तय है। जबकि भाजपा में ऐसा नहीं है। भाजपा संगठन की दृष्टि से तो मजबूत है ही सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी सक्रिय रहकर लोगों के संपर्क में रहते हैं। जिसके चुनाव में भाजपा का पड़ला फिलहाल मजबूत नजर आ रहा है। चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनाव परिणामों तक में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की अहम भूमिका रहेगी। पार्टी पदाधिकारियों ने वार्डों में पार्षद पदों के लिए योग्य प्रत्याशियों का चयन प्रारंभ कर दिया है। जल्द ही मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारियों द्वारा दावेदारों की सूची जिला संगठन एवं विधायक तक प्रेषित कर दी जाएगी। चुनाव की घोषणा के बाद से ही यहां चुनावी माहौल सरगर्म हो गया है। हर वार्डों में दावेदारों के नामों की चर्चा है। अब इनमें से कितने दावेदार उम्मीदवार बन पाएंगे और कितने उम्मीदवार पार्षद बन पाएंगे। इसका फैसला नामांकन दाखिले से लेकर चुनाव नतीजों तक होगा।

## जगह-जगह हुआ वृक्षारोपण







5 जून रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में जगह-जगह वृक्षारोपण किया गया। शहर से लेकर गांव-गांव तक वृक्षारोपण अभियान चलाकर समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य संगठनों के द्वारा पौधे रोप कर संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## महिला कांग्रेस ने पौधे रोपकर लिया कांग्रेस को विजयी बनाने का संकल्प

### पर्यावरण दिवस पर जागृति पार्क में हुई बैठक



**कटनी।** शहर महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जाग्रति पार्क में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रथम बैठक भी जागृति पार्क में आयोजित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस की सभी महिला नेत्रियों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही आगामी नगर निगम चुनाव में महिलाओं की भूमिका पर भी विचार विमर्श किया गया। महिला कांग्रेस ने पूरी शक्ति से कांग्रेस और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर उन्हें विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा श्रेया खण्डेलवाल, रजनी सोनी, माया चौधरी, लता कनोजिया, मंजू निषाद सुमन रजक, हेमा शर्मा, एमीना बघेल एडॉ अदिता वर्मा, सीमा दुबे, नीरा सोनी, अर्चना जैसवाल, उषा दुबे, श्वेता तिवारी, शोभा मंगलानी, सीमा यादव, स्नेहा दुबे, रुक्मणी पांडे, प्रीति तिवारी, मंजीरी नगरिया, तृप्ति तिवारी, नीलम अरोरा, प्रियंका, करिश्मा, पूजा जायसवाल, पूजा कुशवाहा, एल्विना डेविड, मार्टिना, प्राची खरे सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।



## नगर निगम एवं नगर परिषदों के चुनाव में होगी सपा की एंट्री

### चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से पार्टी ने मांगे आवेदन

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों को लेकर आदर्श कॉलोनी में समाजवादी पार्टी की अति आवश्यक बैठक प्रदेश के वरिष्ठ सपा नेता राजेश दुबे के मुख्य अतिथ्यि एवं जिलाध्यक्ष-एडवोकेट पन्नालाल त्रिपाठी की अध्यक्षता व समाजसेवी, अ.भा.वैश्य महापरिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अनिरूद्ध बजाज के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्षता कर रहे एड. पन्नालाल त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन तथा प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल के आदेश पर कटनी नगर निगम सहित जिले की तीनों नगर परिषदों, के चुनाव में महापौर, पार्षद एवं अध्यक्ष पदों के चुनाव में समाजवादीपार्टी न केवल अपने प्रत्याशी उतारेगी बल्कि पूरी ताकत से पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए चयन प्रक्रिया का कार्य प्रारंभ हो गया है। चुनाव में इच्छुक प्रत्याशी आदर्श कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष पन्नालाल त्रिपाठी से संपर्क कर सकते है। बैठक में रामनरेश तिवारी, सुभाष मालाकार, अनिरूद्ध बजाज, एड.अजय शाडिल्य,एड.आर.के.बख्शी, महेन्द्र गौतम, सुशील कुशवाहा, संजय गौतम, राकेश श्रीवास्तव, हरिभूषण राव बरही, यू.पी.सिंह, अरविन्द्र जायसवाल, राकेश चौदहा, रविशंकर बाजपेई, रामेश्वर तिवारी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## रन फार नेचर का आयोजन कर दिया प्रकृति के संरक्षण का संदेश

### जनपद मुख्यालयों में हुआ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर एवं जिला प्रशासन कटनी के मार्गदर्शन में रन फार नेचर का आयोजन किया गया प्रकृति के संरक्षण के लिए आयोजित यह दौड़ कचहरी चौराहा से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक चौराहा, कोतवाली थाना चौराहा, सुभाष चौक से मोहन टॉकीज रोड होते हुए पुनः कचहरी चौराहे पर समाप्त हुई। दौड़ का शुभारंभ शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे ने व्हिसल बजा कर कराया। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री के मुख्य आथित्य आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण के माध्यम से जनपद मुख्यालयों पर किया गया। इस कार्यक्रम में आदर्श ग्राम हिवरे बाजार के जनक पोपटराव पवार, एवं डॉ. जितेंद्र जामदार की विशेष उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण में आमजन की जागरूकता और सकारात्मक सहभागिता का प्रयास और संकल्प है। इस आयोजन में शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे, प्राध्यापक मेजर सरदार दिवाकर एनएसएस प्रभारी प्राध्यापक अजय ठाकुर एन आर एल एम के जिला प्रबंधक राम सुजान द्विवेदी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल, एनआरएलएम के ब्लॉक प्रबंधक केके वर्मा जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के साथ अन्य शासकीय विभागों के जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण शहर के प्रकृति प्रेमी समाजसेवी जन व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्थानीय नगर विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, आसपास के ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एएनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी के स्वयंसेवक एवं स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पश्चात जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल द्वारा उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गय।




## चार सैकड़ा से अधिक लोगों ने एक साथ रोपे पौधे




**कटनी।** एसीसी लिमिटेड, कैमोर सीमेंट वर्क्स के डायरेक्टर प्लांट केआर रेड्डी के मार्गदर्शन में सीएसआर परियोजना के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ, आजीविका संवर्धन, कृषि विकास, कौशल उन्नयन, जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। जल संरक्षण हेतु तालाब निर्माण एवं गहरीकरण, स्टॉप डैम व चेक डैम इत्यादि का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। विश्व पर्यावरण दिवस-2022 के थीम केवल एक पृथ्वी को ध्यान में रखते हुए एसीसी कैमोर के सीएसआर विभाग ने वन विभाग के साथ मिलकर खेल व कौशल प्रशिक्षण दिशाद्ध के प्रशिक्षार्थियों, किसानों एवं महिला समूहों के साथ दो दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिताएं निबंध लेखन, नृत्य-नाटक का मंचन, तुअर दाल और छायादार व फलदार वृक्षों के बीजो व पौधों का रोपण, अलग-अलग जगहों और समूहों मे किया गया जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम के अभिन्न अंग रहे विजयराघवगढ़ क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी विजयराघवगढ़ राघवेन्द्र सिंह चौहान, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जेएल द्विवेदी, बीट प्रभारी कैमोर राजेंद्र कुमार पाठक के साथ मिलकर वृक्षारोपण एवं बीजारोपण के महत्व व पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा किया। नाद गुंजन कला परिषद के मुखिया मोहनदास नागवानी ने बच्चों को बीजारोपण की विधि बतायी। वन विभाग के अधिकारीगण, एसीसी कैमोर के माइनिंग हेड मनोज शंकर सिंह, एसीसी के पर्यावरण विभाग के प्रमुख सुरेश पटेल ने एसीसी ट्रस्ट टीम के साथ मिलकर बच्चों को तुअर अरहर दाल का बीज रोपित करने मे मदद की। साथ ही समस्त अतिथियों द्वारा कार्यक्रम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। ग्राम सलैया पहरहाई मे किसानों के साथ फ्लदार पौधों का रोपण हुआ। सभी ने पर्यावरण को बचाने की सामूहिक पहल पर शपथ लिया। बड़ारी फाटक के पास देर शाम वन्य क्षेत्र मे वन विभाग, महिला स्व सहायता समूहों और एसीसी ट्रस्ट टीम ने साथ मिल कर बीजारोपण का कार्य किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन एसीसी सीएसआर प्रमुख ऐनेट एफ बिश्वास व पंकज द्विवेदी द्वारा किया गया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अनूप श्रीवास, जीतेश विश्वकर्मा, सतेंद्र सिंह, वंदना डेविड, वेणु शाक्या, पुष्पा, साधना, अरुणा, सुनील बर्मन की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में हेड माइनिंग मनोज शंकर सिंह द्वारा कंपनी प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

### मसुरहा वार्ड में हुई भाजपा की बैठक, चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से लिए गए आवेदन

## सबने एकजुट होकर कहा- टिकट किसी को भी मिलेभाजपा को विजयी बनाएंगे




**कटनी।** गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में भाजपा की बैठक सैक्टर प्रभारी अश्विनी गौतम, वार्ड प्रभारी लोकनाथ गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मीसाबंदी लोटन प्रसाद स्वर्णकार, मुड़वारा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, पूर्व एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी, प्रभारी शैलेन्द्र चनपुरिया, पूर्व पार्षद द्वय श्रीमती शिल्पी सोनी, सुनील सोनी फग्गू, बूथ संयोजक प्रकाश गुप्ता, नरेश स्वर्णकार, अनिल पिपरसानियां, आत्माराम सोनी, विनीत पिपरसानियां एवं भोलू ठाकुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर एव दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठजनों का स्वागत वार्ड के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक में सैक्टर प्रभारी अश्विनी गौतम ने कहा कि नगर निगम चुनाव घोषित हो चुके हैं, ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को तन, मन, धन से पार्टी को विजयी बनाने के लिए जुट जाना है। उन्होंने चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से आवेदन भी लिए।

मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार ने बूथ समिति के गठन पर जोर दिया। वार्ड के समस्त भाजपाजनों ने एकजुट होकर मसुरहा वार्ड में भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। सभी ने एक स्वर में कहा पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, सभी लोग मिलकर उसे विजयी बनाएंगे। बैठक का संचालन श्याम कुमार श्यामू सोनी ने एवं आभार प्रदर्शन शिल्पी सोनी ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों को पार्टी के बैज भी लगाए। बैठक में सामाजिक संस्था प्रकोष्ठ भाजपा के अध्यक्ष राकेश सुहाने, प्रेम कुमार सोनी, सुरेश सोनी, मोनू तीतबिरासी, राजेश सेन, राकेश बिलैया, रश्मि बरसैयां, सुनील गौतम, सावित्रीबाई सेन, श्रीमती ऋतु सोनी, सोनू त्रिपाठी, आशीष सोनी, आकाश सोनी, सूरज सहित अन्य भाजपा जन एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। बैठक में वार्ड के भाजपाजनों ने अपने विचार रखे।